# रत्न हिंदी पाठमाला-6

## पाठ-1 मत बाँटो इंसान को

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. कवि के अनुसार धरती, सागर, भगवान का बँटवारा हो चुका है।
2. प्यासी चट्टान को प्यार का जल देना है।
3. मंदिर-मस्जिद-गिरजाघर ने भगवान को बाँट लिया।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए-**

1. (i) 2. (i) 3. (iii)

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. प्यार न होने पर हरी-भरी धरती रेगिस्तान बन जाएगी।
2. दीपक उजाला करने को मजबूर है।
3. मौसम की मुस्कान को कोई रौंद न पाएगा।
4. सबको एक समान करने की मंज़िल अभी दूर है।
5. इंसान को अलग-अलग धर्म में बाँधना।
6. चट्टानों की प्यास प्यार रूपी वर्षा से बुझाई जा सकती है।

**ग. आशय स्पष्ट कीजिए-**

1. आशय - कवि के कहने का आशय यह है कि अगर हम एकजुट होकर कोई भी कठिन काम करें तो वह सफल हो उठता है। एक साथ मिलकर हमें एक दूसरे का पहरेदार भी साबित हो जाते है। कोई अकेला महसूस नही करता। सूर्य की रोशनी पर जिस प्रकार सबका हक है उसी प्रकार हमारा भी यह कर्त्तव्य बन जाता है कि हम हर उदासी से भरे मनुष्य के जीवन में खुशी के फूल खिलाएं। उनको हौंसला दे, उनका साथ दें।
2. आशय - माना मनुष्य के जीवन में कठिनाइयाँ बहुत आती है पर हमे मंजबूर नहीं होना चाहिए। हमें मिलजुल कर रहना चाहिए। जिस प्रकार महल में दीपक जलाने पर उसका उजाला केवल वहीं तक सीमित हो तो हमें उस अंधकार रूपी दीवारों को तोड़कर ज्ञान रूपी प्रकाश बाहर फैलाना होगा। प्रेम का पाठ सबको सिखाना होगा।

**भाषा-ज्ञान**

**क. शब्दों के विपरीत अर्थ बताने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं।**

निम्नलिखित विलोम शब्दों का सही मिलान कीजिए:

| | |
|---|---|
| बंदी | आज़ाद |
| खिलना | मुरझाना |
| आरंभ | अंत |
| हरी–भरी | सूखी |
| प्यार | नफ़रत |

**ख. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए:**

क. इंसान ख. ऊपर ग. मौसम घ. चट्टान ङ. रौंद च. प्यासी

**ग. सभी समान अर्थ वाले शब्दों को हम पर्यायवाची शब्द कहते हैं।**

निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची से भिन्न शब्दों को रेखांकित कीजिए:

1. धरती – भू, नभ, धरा
2. सूरज – शशि, रवि, दिनकर
3. सागर – रत्नाकर, समुद्र, मरूस्थल
4. जग – दुनिया, परमेश्वर, संसार

---

## पाठ–2 पिंजरे का तोता

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. मथुरा की।
2. पंडित जी के पास तोता पक्षी था।
3. पिंजरे के तोते का मज़बूत मकान पिंजरा था।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

1. (iii) 2. (i) 3. (i)

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. पंडित जी तोते को खाने के लिए दाना, पीने के लिए पानी देते और साथ ही साथ उसे रहने के लिए घर (पिंजरा) दिया इसलिए तोता पंडित के पास खुश था।
2. जंगली तोते की तरह पिंजरे का तोता न तो स्वेच्छा से आकाश में इधर–उधर उड़ सकता था, न अपना खाना खुद ढूँढ कर खा सकता था। इसलिए उसे पिंजरे का तोता अपनी तरह नही लगा।

3. जंगली तोते की नजर में पिंजरे का तोता अभागा इसलिए था क्योकि वह अपने को पिंजरे में बंद हुआ भाग्यवान समझ रहा था। उसे आजादी और गुलामी का अंतर समझ नही आ रहा था।
4. पिंजरे के तोते को उसका मालिक खुद दाना खिलाता पानी पिलाता था इसलिए वह अपने को श्रेष्ठ मान रहा था।
5. पंडित जी ने अपने बेटे से कहा– बेटा इस जंगली तोते को मारकर उड़ा दो। इसी ने हमारे तोते को मारा है।
6. जंगली तोते ने पिंजरे के तोते को बस एक बार अपने मालिक की बात न मानने की सलाह दी।
7. पिंजरे का तोता मर कर उस पिंजरे रूपी गुलामी से स्वतंत्र हुआ।

**भाषा–ज्ञान**

**क. 'भाग्य' शब्द में दुर्' तथा 'सौ' उपसर्ग लगाने से 'दुर्भाग्य और 'सौभाग्य' शब्द बनते हैं जो एक दूसरे के विलोम हैं।**

निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर, विलोम शब्द बनाइए:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नीति | अनीति | फल | कुफल | पुत्र | कुपुत्र |
| मार्ग | कुमार्ग | स्वस्थ | अस्वस्थ | | |

**ख. नीचे लिखे वाक्यों के रेखांकित शब्द 'अवधारक' कहलाते हैं जो अपने से पहले वाले शब्द पर अधिक बल देने के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं।**

1. **भी**– (i) इतना कहने पर भी उसने काम नही किया।
   (ii) गरीब भी तो इंसान ही है।
2. **ही**– (i) वह नदी के पास तक ही पहुँच पाया।
   (ii) मैने उसे कहा ही था कि गलत काम का नतीजा बुरा ही होता है।
3. **तक**– (i) उस तोते ने जीवन के मजे तक न लूटे।
   (ii) घर तक साथ तो चलो।
4. **भर**– (i) लड़की पल भर भी दर्द सहन न कर पायी।
   (ii) गाड़ी स्टेशन पर पलभर ही रूकी फिर चल दी।
5. **तो**– (i) उसने कहा तो था पर मुझे याद नही रहा।
   (ii) मेरा इतना तो काम कर ही सकते हो

**ग. पूर्वकालिक क्रिया के पाँच वाक्य**

1. वह खाना खाकर सो गया।
2. वह नहाकर बाजार जाएगी।
3. राम पढ़कर ही खाना खाएगा।

4. माता जी बाजार जाकर घर आ चुकी है।
5. मैं नहाकर ही स्कूल जाती हूँ।

**घ. उचित स्थानों पर उचित विराम चिह्न लगाइए:**

1. जंगली तोते ने पूछा, ''भाई! तू कैसा पंछी है?
2. तूने अपना मरना जीना, खाना-पीना दूसरे के हाथ में सौंप रखा है।
3. तोते ने सोचा कि- ''मैं इसका गुलाम नहीं हूँ।'' और बिना जवाब दिए छाती पर दूसरा घाव खाकर दूसरी तरफ हट गया।
4. जंगली तोते ने कहा- ''जब गुलाम अपने मालिक की बात नहीं मानता तो उसका यही हाल होता है।''

---

## पाठ-3 सेंटाक्लाज

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. सेंटाक्लाज लाल और सफेद रंग के कपड़े पहनते है।
2. वे बच्चों को उपहार देते हैं।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

1. (ii) 2. (ii) 3. (ii) 4. (ii)

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. सेंटाक्लाज क्रिसमस के दिन बच्चों को उपहार देते थे। इनका जन्म यूरोप के एक संपन्न परिवार में हुआ था।
2. निकोलस ने एक निर्धन परिवार की सहायता करने के लिए रात में एक सोने की छड़ उनके घर में गिरा दी। जिससे उनकी गरीबी दूर हो सके।

**ग. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ–**

द्रवित – गरीबों की हालत देख मेरा मन भी द्रवित हो उठता है।

उपहार – वे बच्चों को उपहार देते थे।

निर्धन – निर्धन लोगों का जीवन यापन मुश्किल से होता है।

सहायता – हमें दीनों की सहायता करनी चाहिए।

परिवार – यह संसार हमारा एक परिवार ही है।

**भाषा-ज्ञान**

क. **नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रात: | – | संध्या | अच्छा | – | बुरा | अमीर | – | गरीब |
| रात | – | दिन | प्रकाश | – | अधंकार | छोटा | – | बड़ा |

**ख. सही शब्द पर ( ✓ ) का निशान लगाओ–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रिसमस | ✓ | किरिसमस | |
| र्पाप्त | | प्राप्त | ✓ |
| निध्रन | | निर्धन | ✓ |
| हृदय | ✓ | हिरदय | |

**खेल-खेल में**

**क. बच्चो! क्या आप जानते हैं?**

विशेषण और विशेष्य लिखो–

| | | |
|---|---|---|
| निर्धन परिवार | निर्धन | परिवार |
| अंधेरी रात | अंधेरी | रात |
| लाल चोंगा | लाल | चोंगा |
| सफ़ेद दाढ़ी | सफ़ेद | दाढ़ी |
| दु:खी जनों | दुखी | जनो |

---

## पाठ-4 दुर्गा पूजा

### अभ्यास

**लिखित**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. दुर्गा माँ ने महिषासुर राक्षस का वध किया था क्योंकि वह स्वर्ग के देवताओ पर अत्याचार कर रहा था।
2. सांधी पूजा- अष्टमी और नवमी के मिलन के समय संधि पूजा मनायी जाती है। यह दुर्गा पूजा का प्रमुख अंग है। इस समय 108 दीप जलाए जाते हैं। पुरोहित ऊँची आवाज में चंडीपाठ करते हैं। देवी की आरती की जाती है। दशमी के दिन पूजा के बाद देवी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है।
3. दुर्गा पूजा कोलकातावासियों का विशेष पर्व है।
4. दुर्गा पूजा कोलकाता में विशेष रुप में मनाया जाता है। इस दिन लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं। और मिठाइयाँ खाते हैं। कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।

**ख. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करें।**

1. उनके दस हाथों में दस शस्त्र हैं।
2. उसके अत्याचार से देवता स्वर्ग से भाग गए।
3. उनके अनुरोध करने पर दुर्गा माँ ने महिषासुर को मार डाला।
4. मैं भी दुर्गा पूजा मनाता हूँ।
5. हम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं।

---

## पाठ-4 पुरस्कार

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. इस पाठ के लेखक जयशकंर प्रसाद हैं।
2. हल चलाना राजा ने शुरू किया।
3. अरुण मगध का राजकुमार था।
4. मधूलिका कौशल की बेटी थी।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

1. (iii) 2. (i) 3. (ii)

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. इस उत्सव में महाराज किसान बनकर जमीन के चुने हुए टुकड़े पर हल चलाते है और बीज बोते है। जिस जमीन पर हल चलाया जाता और बीज बोया जाता है। उस जमीन के मालिक को चार गुना रकम दे दी जाती है। खेत महाराज का हो जाता है।
2. मधूलिका ने राजा द्वारा दी गयी राशि को राजा पर ही वार कर कहा कि महाराज। यह मेरे बाप-दादा की जमीन है मैं इसे बेचूँगी नही बल्कि आपको ऐसे ही दे दूँगी।
3. मधूलिका दूसरों के खेतों में कड़ी मेहनत से काम करती और रूख-सूखा खाकर अपना जीवन निर्वाह कर रही थी।
4. राजकुमार अरूण नया राज्य स्थापित कर मधूलिका को अपनी रानी बनाना चाहता था ओर नए राज्य की स्थापना में उसकी मदद लेने के लिए वह मधूलिका के पास आया।
5. मधूलिका खुद अपनी ही नजर में गुनहगार थी इसलिए उसने प्राणदंड मनचाहा पुरस्कार के रूप में माँगा।

**भाषा-ज्ञान**

**ग. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए-**

1. (iii) 2. (ii) 3. 4. (iii)

## पाठ-6 हिमा दास की कहानी

### अभ्यास

**लिखित**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. हिमा दास का जन्म असम राज्य का नगाँव जिले के कांधूलिमारी गाँव में हुआ था।
2. हिमा दास ने विद्यालय के शारीरिक शिक्षक शमशुल हक की सलाह पर दौड़ना शुरू किया।
3. हिमा दास ने पहला स्वर्ण पदक 2019 में जीता।
4. हिमा दास के कोच का नाम निपोन है।
5. सन् 2019 में हिमा दास ने पाँच स्वर्ण पदक जीते।

**ख. पाठ के आधार पर सही शब्द लिखकर खाली जगह भरिए-**

1. भारतीय 2. रणजीत दास, जोनाली दास 3. 400 4. होनहार
5. कामयाबी

**ग. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

1. चयनित – वह जिला प्रतियोगिता में चयनित हुई।
2. शिष्या – वह एक होनहार शिष्या थी।
3. स्पर्धा – हिमा ने 400 मी॰ दौड़ स्पर्धा जीती।
4. आयोजित – अनेक प्रतियोगीताएँ आयोजित की गयी।
5. उज्जवल – बच्चे का भविष्य उज्जवल होगा।

**भाषा-ज्ञान**

**क. दिए गए वाक्यों में कि, ताकि अथवा जोकि का उचित प्रयोग करें।**

पिता जी ने हमें बताया **कि** हिमा दास एक भारतीय धाविका हैं। वह दिन-रात परश्रिम करती हैं **ताकि** देश के लिए अधिक से अधिक पदक जीत सकें। उन्होंने एक ही महीने में पाँच स्वर्ण पदक जीते हैं **जोकि** अपने-आप में एक अनोखा रिकॉर्ड है।

**ख. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग अलग कीजिए।**

1. प्र 2. उप 3. अध 4. बे

**ग. निम्नलिखित शब्दों के समान/पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

1. दिनकर, सूरज 2. समीर, पवन 3. मेघ, जलद 4. गगन, आसमान
5. गजानन, गण्पति

**घ. निम्नलिखित विशेषणों के आगे संज्ञा लिखिए। जैसे- काला घोड़ा, गर्म चाय, तेज धूप, मुलायम रेशम।**

1. दुकान 2. मित्रता 3. भेड़िया 4. लड़की
5. दीवार 6. मजदूर 7. घोड़ा 8. सेठ

# पाठ-7 नीड़ का निर्माण फिर-फिर

## अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. आँधी आने से आकाश तथा धरती पर घना अँधेरा छा गया था।
2. उषा की मोहिनी मुस्कान से तात्पर्य सूर्य के निकलते समय फैलनी वाली सुनहरी किरणों से है।
3. आशा के विहंगम से कवि का तात्पर्य उम्मीदों रुपी ऊँची उड़ानों से है।
4. प्रस्तुत कविता के माध्यम से कवि यह संदेश देना चाहता है कि हमें भी चिड़िया की भाँति विपरीत परिस्थितियों का सामना करने का प्रण ले लेना चाहिए। अर्थात् मुश्किलो का डट कर सामना करना चाहिए।

**लिखित**

**क. कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए–**

1. वह उठी आँधी कि **नभ में**
   छा गया **सहसा अँधेरा**
   **धुलि-धूसर** बादलों ने
   **भूमि को इस भाँति घेरा**।

2. एक चिड़िया चोंच में तिनका।
   **लिए जो जा रही थी।**
   वह सहज में ही पवन
   **उनचास को** नीचा दिखाती।

**ख. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय लिखिए–**

1. मनुष्य के जीवन में उतार-चढ़ाव आता रहता है। सुख दुख दो पहलू हैं। इस सच्चाई को कवि ने बड़े सुंदर ढंग से समझाया। रात भर हुए हाहाकार आँधी तूफान के बाद जन-जन और कण-कण में जो डर था वह सुबह सुनहरे सूरज की मधुर मुस्कान फैलते ही गायब होता जा रहा था। रात के घनघोर अंधेरे के बाद उषा की नई किरण उजागर हुई तो चिड़िया के लिए भी फिर से सब कुछ शुभारंभ करने का अवसर था।
2. कवि के कहने का आशय यह है कि- रात के घनघोर आँधी तूफान का रूप देख तो पक्षियों से यह पूछा जाना चाहिए कि वो कहाँ छिपे थे। वे पक्षी जो अभिमान से आसमान की छाती रूपी जगह पर विचरण करते थे वो उस समय कहाँ थे जब हाहाकार मचा था।
3. आशय= कवि के कहने का आशय यह है कि कितनी भी मुश्किलें आएँ, आँधी तूफान आएँ पर अगले ही पल सब पहले सा व्यवास्थित करने में जुट जाते हैं चाहे वो इंसान हों या पशु- पक्षी। दुख के बाद सुख की कल्पना कर वे पुनः निर्माण करने लगते हैं।

4. कवि के कहने का आशय यह है कि उस छोटी सी चिड़िया ने इतने भयानक वातावरण के गुजरने के बाद फिर से तिनका जोड़ जोड़ अपने प्रेम से भरे घोसलें का निर्माण करना शुरु कर दिया कितनी कर्त्तव्य परायणता भरी हुई थी उस छोटी सी चिड़िया में।

**ग. कविता की उन पंक्तियों को लिखिए जिनमें निम्नलिखित भाव व्यक्त हुए हैं–**

1. क्रुद्ध नभ के वज्र दंतों से उषा है मुस्कुराती।
2. नाश के दु:ख से कभी दबता नहीं निर्माण का मुख।
3. प्रलय की निस्तबधता से सृष्टि का नवगान फिर–फिर।

**भाषा-ज्ञान**

**ग. निम्नलिखित पंक्तियों में उस स्थल को रेखांकित कीजिए जहाँ अनुप्रास अलंकार का प्रयोग हुआ है।**

1. नेह का निर्माण फिर–फिर।

2. धूलि–धूसर बादलों ने
भूमि को इस भाँति घेरा।

3. किंतु प्राची से उषा की
मोहिनी मुस्कान फिर–फिर।

**खेल-खेल में**

**शब्द पहेली में से आठ नदियों के नाम ढूँढ़कर लिखए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ल | गं | स | घ | चे | ट |
| दी | गा | य | मु | ना | न |
| क | त | र | प | ब | ब्र |
| स | त | लु | ज | र | ह |
| र | प | द | स | भ | म |
| यू | मं | दा | कि | नी | पु |
| म | का | वे | री | ग | त्र |

**गंगा**
**यमुना**
**सतलुज**
**कावेरी**
**मंदाकिनी**
**सरयू**

---

## पाठ–8 गणतंत्र दिवस

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मनाया जाता है।
2. हमारे राष्ट्रीय पर्व तीन हैं।
3. 25 जनवरी को राष्ट्र के नाम संदेश राष्ट्रपति देते हैं।

4. हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।

**लिखित**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

क राष्ट्रीय पर्व से तात्पर्य उन त्योहारों से है जो पर्व बिना किसी भेदभाव के पूरे राष्ट्र में मनाए जाते हैं।

ख. हमारे राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, गांधी जयंती हैं।

ग. नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस बड़ी धुमधाम से मनाया जाता है। इस दिन प्रात:काल राष्ट्रपति की सवारी निकलती है। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा तीनों सेना प्रमुख राष्ट्रपति का स्वागत करते है। तिरंगा झंडा फहराने के साथ ही गणतंत्र दिवस की परेड शुरू हो जाती है।

घ. गणतंत्र दिवस हमें देश की रक्षा करने का संदेश देता है।

**ख. दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

क. राष्ट्रीय पर्व ख. 26 जनवरी ग. झंडा घ. प्रतीक ङ रक्षा

**ग. सही शब्द पर ( ✓ ) निशान लगाओ–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| धार्मिक | ✓ | धारमिक | |
| राष्ट्रीय | ✓ | रास्ट्रीय | |
| समाजिक | | सामाजिक | ✓ |
| संविधान | ✓ | संबिधान | |

**भाषा-ज्ञान**

**क. नीचे लिखे शब्द में 'ता' प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाओ–**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारतीय | + | ता | = | भारतीयता | राष्ट्रीय | + | ता | = | राष्ट्रीयता |
| स्वतंत्र | + | ता | = | स्वतंत्रता | अनेक | + | ता | = | अनेकता |
| विभिन्न | + | ता | = | विभिन्नता | जड़ | + | ता | = | जड़ता |
| सार्थक | + | ता | = | सार्थकता | अखंड | + | ता | = | अखंडता |

**ख. 'का, की, के, को' के आधार पर वाक्य पूरे कीजिए–**

क. के ख. का ग. के घ. की ङ. को

**खेल-खेल में**

1. **निम्न पंक्तियों में गणतंत्र दिवस का महत्व लिखिए।**– स्वयं करें

---

## पाठ-9 हार की खुशी

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. कहानी के लेखक श्री हरिकृष्ण देवसरे हैं।

2. रवि लापरवाह तरह का लड़का था।

3. किशन पढ़ाई में होशियार और अच्छा था।

4. मंदिर के पुजारी ने रवि को भगवान शिव के आदेश का पालन करने की ओर प्रेरित किया। ''पढ़ाई पर ध्यान दो'' कहकर उसकी मदद की। तुम मन लगाकर पढना।

5. हार की खुशी किशन को हुई।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

नीचे लिखें शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग को विकल्पों में से छाँटकर सही (✓) चिह्न लगाइए–

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) अनाज | – | अ | ✓ | अनाज | ☐ | अन | ☐ | अनज | ☐ |
| (ख) खूबसूरत | – | ख् | ☐ | खूब | ✓ | खब | ☐ | खुब | ☐ |
| (ग) उपहार | – | उ | ☐ | ऊ | ☐ | उप | ✓ | ऊप | ☐ |
| (घ) अवगुण | – | अ | ☐ | अव | ✓ | आ | ☐ | अव् | ☐ |
| (ङ) विशेष | – | विष | ☐ | विष | ☐ | वि | ✓ | विश | ☐ |

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. माँ ने कहा कि– बेटे तुम्हारे पिताजी की यही इच्छा थी कि मैं तुम्हे खूब पढ़ाऊँ। मैं खुद भूखी रह लूँगी पर तुम्हे कोई तकलीफ नहीं होने दूँगी।

2. नही, पहले नहीं था पर बाद में हो गया था।

3. रात भर किशन रवि की पढ़ाई के प्रति लापरवाही की चिंता करते हुए सो नहीं सका।

4. किशन ने रवि से पढ़ने के लिए कहा तो रवि बोला– ''तुम तो बेकार ही परेशान होते हो। मैं बस उतना ही पढ़ता हूँ जितना जरूरी है।''

5. रवि को रास्ते पर लाने के लिए किशन मंदिर के पुजारी के साथ मिलकर एक नाटक रचने लगा। जिससे वह रवि को पढ़ाई के प्रति गंभीर कर सके। और वह उसमें सफल भी हो गया।

**ग. रिक्त-स्थान भरिए–**

1. हॉस्टल  2. नापसंद  3. जानबूझकर  4. दर्शन

**घ. सही वाक्य के सामने ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

1. ✗  2. ✓  3. ✓  4. ✗  5. ✓

**भाषा-ज्ञान**

क. **निम्नलिखित शब्दों में 'इन' प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग शब्द बनाइए–**

| पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| पुजारी | = | पुजारिन | सुनार | = | सुनारिन |
| लुहार | = | लुहारिन | धोबी | = | धोबिन |
| नाई | = | नाईन | ग्वाला | = | ग्वालिन |

**ख. निम्नलिखित के लिए उपयुक्त लोकोक्तियाँ लिखिए–**

**काम अपने आप बन जाना** – (साँप भी मरे और लाठी भी न टूटे) मैने तो सोचा था कि मुश्किल होगा। नौकरी मिलने का काम। पर काम तो अपने आप बन गया।

**जबदस्ती गले पड़ना** – (मान न मान, मैं तेरा मेहमान) मैं तो आपको जानता तक नहीं आप तो गले पड़ रहे हो

**एक के बाद दूसरी मुसीबत आना** – (आगे कुआँ, पीछे खाई) बड़ी मुश्किलों में फँस गया हूँ एक के बाद दूसरी मुसीबत आती जा रही है।

**एक प्रयत्न से दो काम बन जाना** – (एक पंथ दो काज) मुझे दफ्तर के काम से लखनऊ जाना है, वहाँ अपने भाई से भी मिल आऊँगा एक प्रयत्न से दो काम हो जाएँगे।

**डींग मारने वाले, काम नहीं किया करते** – (हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और) मुकेश तो डींग मारता है कुछ काम नही करता बस अपना बढ़ावा करता है।

**अवसर के अनुसार बदल जाना** – (खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है) मोहित को देखकर राम भी अवसर के अनुसार बदल जाता है।

---

## पाठ–10 मेरी माँ

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. अपनी माता जी की धर्म निष्ठा की सीख याद आते ही बिस्मिल ने वकालत नामे पर हस्ताक्षर नहीं किए।
2. आर्य समाज में प्रवेश करते ही बिस्मिल की माता के विचार पहले की अपेक्षा अधिक उदार हो गए थे।
3. बिस्मिल की माताजी ने गृहकार्य की शिक्षा दादी जी की छोटी बहन से प्राप्त की।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

1. (ii)    2. (iii)    3. (ii)

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. पिताजी और दादीजी द्वारा विवाह के अनुरोध को माता जी इसलिए टाल देती थीं क्योंकि वह चाहती थी कि बिस्मिल अभी मन लगाकर सेवा समिति के कार्यों में सहयोग दें। और देश के प्रति अपने कुछ कर्त्तव्यों को निभाएं।
2. लेखक के जीवन का एकमात्र उद्देश्य अपनी माँ के चरणों की सेवा कर अपना जीवन सफल बनाना है क्योंकि उनकी माँ ने ही उन्हें आत्मिक, धार्मिक, सामाजिक जिम्मेदारियों से अवगत कराया है।

3. गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों ने धर्म की रक्षा हेतु कार्य किए और उसी में अपने प्राण न्यौछावर किए इसलिए धर्म रक्षार्थ अपने पुत्रों के बलिदान होने पर उनकी पत्नी ने मिठाई बाँटी।
4. बिस्मिल अंतिम समय के लिए अपनी माँ से आशीर्वाद माँगते हुए कहते हैं कि जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों में भी मैं कभी विचलित न होऊँ और तुम्हारे चरण कमलों और ईश्वर का स्मरण करते हुए अपने जीवन की यात्रा का अंत करूँ।

**भाषा-ज्ञान**

**क. निम्नलिखित शब्दों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही उच्चारण कीजिए:**

क्ष = क्षमा, शिक्षा, अपेक्षा

च्छ = मच्छर, तुच्छ, इच्छा

**ख. निम्नलिखित शब्दों को पढ़िए।**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| माँ | - | अनुनासिक | भेंट | - | अनुस्वार | यहाँ | - | अनुनासिक |
| मैं | - | अनुस्वार | नहीं | - | अनुस्वार | हूँ | - | अनुनासिक |

**ग. वे शब्द जो शब्द के अंत में जुड़कर शब्द के मूलरूप में परिवर्तन उत्पन्न करें उन्हें प्रत्यय कहते हैं। जैसे - धर्म+इक = धार्मिक**

1. इक 2. ता 3. ईरू 4. त्व 5. इत 6. ता

---

## पाठ-11 अमरनाथ की यात्रा

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. अमरनाथ जम्मू-कश्मीर राज्य में स्थित है।
2. पहलगाँव के दर्शनीय स्थलों के नाम बाइसन, गोल्फ मैदान, शिकारगाह आरू आदि हैं।
3. अमरनाथ एक गुफा है।

**लिखित**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. लेखक ने अपने मित्रों के साथ अमरनाथ की यात्रा 12 जुलाई को दिल्ली से शुरू की थी।
2. अमरनाथ जाने के लिए चंदनवाड़ी स्थान से पैदल यात्रा करनी पड़ती है।
3. बर्फ का पुल चंदनवाड़ी पर है।
4. शेषनाग, चंदवाड़ी से 12 किलोमीटर दूर है।
5. शिवलिंग प्राकृतिक रूप में हिम से बनता है।
6. पौराणिक कथा के अनुसार अमरनाथ की गुफा। में बैठकर शिवजी ने पार्वती को अमर कथा

सुनायी। इस कथा के सुनने से व्यक्ति अमर हो जाता है। पुराणों के अनुसार इस यात्रा का प्रचलन ईसा से एक हजार वर्ष पहले से ही चला आ रहा है।

**ख. कठिन शब्दों को तीन-तीन बार लिखिए–**

स्वयं लिखें

**ग. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए–**

1. अमर कथा 2. कश्मीर में 3. चंदनवाड़ी 4. एक

**घ. सही कथन के आगे ( ✓ ) तथा गलत कथन के आगे ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

1. ✓ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✓

**भाषा-ज्ञान**

**क. रंगीन शब्दों की जगह उनके विलोम शब्द लिखिए–**

1. खूबसूरत 2. दूर

**ख. इन पंक्तियों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

1. पहलगाँव के पास ही लिद्दर नदी बहती है।
2. 14 जुलाई को हम पहलगाँव में घूमते रहे।
3. अगले दिन हमने सुबह टैक्सी द्वारा चंदनवाड़ी तक की यात्रा की।
4. शरीर की सारी थकान स्वयं ही दूर हो जाती है।

---

## पाठ-12 संत रहीम के दोहे

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. बिगड़ी बात कभी नहीं बन सकती।
2. जो व्यक्ति सुख में भी भगवान को याद करे उसे कभी दु:ख नहीं होता।
3. किसी से कुछ माँगने से इज्जत, आदर, सम्मान खत्म हो जाता है।
4. नहीं
5. राजाओं का राजा।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

1. (ii) 2. (i) 3. (i)

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. सुजान अपनी संपत्ति दुखियों की मदद के लिए रखते हैं।
2. किसी से कुछ माँगने से सम्मान समाप्त हो जाता है।

3. सुख में सुमिरन करने से कभी दुख नही होता है।
4. राजाओं का राजा जिसको कोई वस्तु की चाह नहीं होती।
5. जीवन में सुई और तलवार का अपना अपना महत्व है। जहाँ तलवार के लगने पर गहरा घाव बन सकता है। वही सूई एक ऐसा माध्यम है जो उस गहरे घाव को भी सिलकर ठीक करने का गुण रखता है। सूई छोटी चीज़ है पर तलवार बड़ी। दोनों का अपना-अपना काम है।
6. वृक्ष अपना फल स्वयं नही खाते। तालाब या नदी अपना पानी खुद नही पीते। ये दोनों परोपकार करते हैं। दूसरो के लिए अपना फल और पानी देते हैं। उसी प्रकार मनुष्य को भी परोपकार की भावना ग्रहण करनी चाहिए।
7. जिस प्रकार फटे हुए दूध को कितना भी मथो वह माखन नहीं बन सकता। वह उपयोग के लायक नहीं होता। उसी प्रकार एक बार अगर जो बात बिगड़ जाए तो उसे आसानी से बना लेना कठिन हो जाता है।
8. सुई का उदाहरण हमें यह शिक्षा देती है कि छोटी से छोटी चीज का जीवन में बड़ा महत्व होता है।

**भाषा-ज्ञान**

**क. निम्नलिखित शब्दों के 2-2 पर्यायवाची लिखिए:**

1. पेड़, वट 2. तालाब, ताल 3. खडग, अरि 4. इच्छा, कामना

**ख. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:**

1. दीर्घ 2. दु:ख 3. जड़मति 4. अहित 5. निरादर

**ग. रहीम ने अनेक स्थानों पर अनुप्रास अलंकार का प्रयोग किया है-**

रघुपति राघव राजा राम। चारू चंद्र की चंचल।

---

## पाठ-13 प्राकृतिक सौंदर्य का खजाना: सिक्किम

### अभ्यास

**लिखित**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. चीन, तिब्बत, सिक्किम।
2. विश्व की तीसरी सबसे ऊँची चोटी कंचनजंगा है।
3. सिक्किम में शीतोष्ण जलवायु पाई जाती है।
4. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य सिक्किम है।
5. सिक्किम की राजधानी का नाम गंगटोक है।
6. सिक्किम मे भूमि उबड़-खाबड़ और पथरीली होने के कारण सीढ़ीदार खेती की जाती है।
7. सिक्किम भारत का अंग था ही नहीं। बल्कि तब वहाँ एकतंत्र या राजशाही व्यवस्था थी। सिक्किम का विलय भारत में 1975 में हुआ था।

8. सिक्किम के वन्यक्षेत्र में हिमालयन थार, लाल पांडा, एशियन काला भालू, याक आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र में पक्षियों की लगभग 550 तथा तितलियों की 1,438 प्रजातियाँ पायी जाती हैं।

9. सिक्किम में मनाए जाने वाले पर्वों लोसार, भीमसेन पूजा, माघ संक्रांति, लूसांग, द्रुपका तेशी, भुमचू के साथ-साथ सारे भारतीय त्योहार भी मनाए जाते हैं।

**भाषा-ज्ञान**

**क. दिए गए शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए-**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्वोत्तर | = | पूर्व | + | उत्तर | अधिकांश | = | अधिक | + | अंश |
| शीतोष्ण | = | शीत | + | ऊष्ण | पर्वतारोही | = | पर्वत | + | आरोही |

**ख. जो शब्द या शब्दांश दो शब्दों, वाक्यांशों या वाक्यों को जोड़ते हैं, उन्हें समुच्चयबोधक कहते हैं। प्रमुख समुच्चयबोधक हैं। और, इसलिए, तथा या आदि-**

**वाक्यों में आए समुच्चयबोधकों पर ○ लगाइए-**

1. यहाँ की अधिकांश भूमि उबड़-खाबड़ (और) पथरीली है।
2. यहाँ का स्थापत्य परंपरागत (तथा) आधुनिक शैली का मिश्रण है।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में फसल के कटने (और) पकने के समय लोकनृत्य किए जाते हैं।
4. सिक्किम में पहले एकतंत्र था (इसलिए) यहाँ के लोग सिक्किम का विलय भारत में नहीं करना चाहते थे।
5. सिक्किम में लिंबू, मगर, माझो, तमंग, हिंदी (और) अंग्रेजी भाषाएँ बोली जाती हैं।

**ग. निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार ( ं ) लगाकर उन्हें दोबारा लिखिए-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ससार | - | संसार | अधिकाश | - | आधिकांश |
| अग | - | अंग | जनसख्या | - | जनसंख्या |
| बगाल | - | बंगाल | एकतत्र | - | एकतंत्र |
| गगटोक | - | गंगटोक | सुदर | - | सुंदर |
| कचनजगा | - | कंचनजंगा | सितबर | - | सितंबर |

**घ. निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिह्नों को रेखांकित करके उनके भेद लिखिए-**

1. सिक्किम की राजधानी गंगटोक है। — संबंध
2. सिक्किम का अधिकांश भाग वनों से घिरा हुआ है। — संबंध
3. इस क्षेत्र में तितलियों की लगभग 1,438 प्रजातियाँ पाई जाती हैं। — अधिकरण
4. सिक्किम में अधिकांशत: नेपाली मूल के लोग रहते हैं। — अधिकरण
5. यहाँ पर्यटकों के देखने के लिए कई बौद्धमठ स्थित हैं। — संप्रदान

# पाठ-14 झाँसी की रानी की समाधि पर

## अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम मन्नू था।
2. कविता में वीरता की भावना देखने को मिलती है।
3. कविता की लेखिका सुभाद्रा कुमारी चौहान हैं।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

1. (iii) 2. (i) 3. (iii)

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. यह समाधि रानी लक्ष्मीबाई की है और इसमें उनकी वीरता और शौर्य से भरी राख छिपी है। उनकी वीरता की गाथा छिपी है।
2. झाँसी की रानी वीरतापूर्वक लड़ी।
3. वीर का मान युद्ध में वीरगति प्राप्त करने से बढ़ जाता है।
4. रानी से अधिक हमें अब उसकी समाधि इसलिए प्यारी है क्यांकि उसमें उसकी वीरता की झलक, देशप्रेम और साहसपूर्ण कहानी सुनने को मिलती है।

**ग. कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए–**

1. बढ़ जाता है मान वीर का, **रण में बलि होने से**।
2. **मूल्यवती होती सोने** की, भस्म यथा सोने से।।
3. इससे भी सुंदर समाधियाँ **हम जग में है पाते** ।
4. **उसकी गाथा पर निशीथ** में क्षुद्र जंतु ही गाते।।

**घ. निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अधि | = | अधिकार | अधिकांश | सु | = | सुदूर | सुपुत्र |
| अन | = | अनमोल | अनपढ़ | बहु | = | बहुमूल्य | बहुरूप |
| अति | = | अतिशय | अति | उप | = | उपहार | उपदेश |
| सह | = | सहयोग | सहचर | | | | |

**भाषा-ज्ञान**

**ख. नीचे लिखे वाक्यों को वर्तमान काल में परिवर्तित कीजिए–**

1. रानी लक्ष्मीबाई वीरता से लड़ रही है।

2. भस्म सोने से महँगी होती है।
3. कोयल पेड़ पर गाती गा रही है
4. यहाँ रानी की समाधि है।
5. राम पाठ याद कर रहा है।

---

## पाठ-15 क्रिकेट का खेल

### अभ्यास

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. भारत में क्रिकेट के खेल का आरंभ पिछली शताब्दी में हुआ।
2. क्रिकेट की प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं।
3. 2011 के एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय टीम विजयी रही।

**लिखित**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. सफेद कमीज, सफेद पतलून, ऊन के मोटे सफेद मोजे और सफेद बूट।
2. क्रिकेट का खेल घास के मैदान पर खेला जाता है।
3. एक सफल बल्लेबाज में तकनीक और कला जानना ही जरूरी नहीं होता बल्कि उसमें बड़े मैचो में खेलने की प्रवृत्ति भी होनी चाहिए। उसका स्वयं पर नियत्रंण होना चाहिए। उसे घबराए बिना आत्मविश्वास के साथ खेलना चाहिए।
4. टीम के कप्तान का काम बहुत जिम्मेदारी का होता है। उसे अपनी टीम के खिलाड़ियों को उचित समय पर प्रेरित और प्रोत्साहित करना चाहिए।
5. टीम भावना और खेल भावना- टीम भावना हमें अनुशासन में रहना आपसी प्रेम मेलजोल, विनयता सिखाती है क्योंकि हो सकता है एक दिन आप बहुत सफल हों और दूसरे दिन आपका खेल बिल्कुल ही घटिया हो। और दूसरी ओर अपने प्रतिद्वदंवी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। इसे खेल भावना कहते हैं। क्रिकेट के मैदान में आपको जो सीख मिलती है। वह आगे चलकर जीवन में भी उपयोगी सिद्ध होती है।
6. टेस्ट मैच पाँच दिनों तक खेला जाता है जो कभी-कभी तीन चार दिन में ही समाप्त हो जाता है। टी-टवेंटी इसमें 20-20 ओवर खेले जाते हैं।
7. क्रिकेट टीम का एक खिलाड़ी विकेट कीपिंग का मोर्चा संभालता है। टीम के कप्तान को बैटिगं या फील्डिंग चुनने का अवसर मिलता है। फील्डिंग करने वाली टीम पहले मैदान में सभी खिलाड़ियों के साथ आती है। बल्लेबाज को तकनीक और कला का ज्ञान होना बहुत

जरूरी होता है। क्रिकेट टीम के प्रत्येक खिलाड़ी में अनुशासन, टीम भावना, विनम्रता होना बहुत आवश्यक है।

**ख. वाक्य पूरे कीजिए-**

1. कप्तान 2. सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 3. कीर्तिमान 4. अनुशासन विनम्रता

**ग. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए-**

1. कपिल देव 2. विकेटकीपर 3. 1983, 2011 में

**भाषा-ज्ञान**

**क. पूर्वक लगाकर नए शब्द बनाओ और उनके अर्थ लिखो–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रशंसा | + | पूर्वक | = | प्रशंसापूर्वक | – | प्रशंसा के साथ/सहित |
| साहस | + | पूर्वक | = | साहसपूर्वक | – | साहस के साथ/सहित |
| वीरता | + | पूर्वक | = | वीरतापूर्वक | – | वीरता के साथ/सहित |
| न्याय | + | पूर्वक | = | न्यायपूर्वक | – | न्याय के साथ/सहित |

**ख. र और र् के संयुक्त रूप का ज्ञान**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रबड़ | क्रम | कर्म | ट्रक |
| रक्त | प्रेम | वर्ष | ड्रम |

**ग. प्रत्येक पंक्ति में शुद्ध वर्तनी वाले शब्द पर ( ✓ ) लगाओ–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आदर्स | ☐ | आर्दश | ☐ | आ॑दश | ☐ | आदर्श | ✓ |
| दूरर्दशिता | ☐ | दूरद्रशिता | ☐ | दूरदर्शिता | ✓ | दूरदर्शिर्ता | ☐ |
| र्क्रिकेट | ☐ | क्रिकेट | ✓ | किरकेट | ☐ | किक्रेट | ☐ |
| डरामा | ☐ | र्डामा | ☐ | ड्रामा | ✓ | डर्रामा | ☐ |

**खेल-खेल में-** स्वयं करें

---

## पाठ-16 फिर क्या होगा उसके बाद?

**अभ्यास**

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. कवि ने कविता में फिर क्या होगा उसके बाद का वर्णन किया है।
2. क्योंकि उसके नए खिलौने कोई ले न जाए।
3. माँ शिशु के द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न- ''क्या होगा उसके बाद सुन सुन कर और उनके उत्तर दे कर ऊब गई।
4. अपनी माँ के बूढ़ी होकर मर जाने की बात सुन बच्चे के नेत्र भर आए।

**लिखित**

**क. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

1. (ii) 2. (iii) 3. (iii)

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. बच्चा माँ से बार-बार यही प्रश्न पूछ रहा है कि माँ उसके बाद क्या होगा? माँ क्या होगा उसके बाद?
2. इस कविता में जीवन की बचपन, बाल्यावस्था, युवावस्था, बुढ़ापा और उसके बाद मृत्यु तक की अवस्था का वर्णन किया गया है। हर अवस्था मानव का एक अहम पहलू है।
3. ऊबकर माता ने बालक से कहा कि- खुशी बाद में उदासी में बदल जाएगी। मैं बूढ़ी होकर मर जाऊँगी। और तुम अकेले रह जाओगे।

**भाषा-ज्ञान**

**क. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए:**

1. सूरज, दिवाकर 2. चाँद, चंद्रमा 3. नयन, नेत्र

**ख. संधि विच्छेद कीजिए:**

1. उत् + ज्वल 2. मनः + हर 3. मुख + आकृति
4. पल + भर

---

## पाठ-17 परनिंदा

**अभ्यास**

**मौखिक**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. साहित्यशास्त्रियों ने रसों की संख्या दस मानी है।
2. लेखक के अनुसार राजा और रंक में खेल में भेद नहीं होता।
3. सबसे सस्ता और सरल मनोरंजन का साधन परनिंदा है।
4. निंदा का आनंद परोक्ष में मिलता है।

**लिखित**

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. कबीरदास ने निदंक व्यक्ति को अपने जीवन और मन से बिल्कुल दूर बसाने की बात की है क्योंकि निदंक हमारे जीवन में जहर भरने का काम करता है।
2. कवि सम्मेलन।

3. पड़ोसिन द्वारा सास की निंदा सुनने में मग्न हुई बहू ने पड़ोसिन को उपहार देने शुरु कर दिए थे। क्योंकि सास की निंदा सुनने में उसे बहुत आनंद आ रहा था। वह बहुत खुश थी।
4. कवि सम्मेलन ही एक प्रकार का परनिंदा भवन था जहाँ पर निवेदक भी पधारते थे, संगीत समारोह के संयोजक भी शामिल होते थे। पर निंदा भवन में बस दूसरो की निंदा सुनने वाला श्रोता होना चाहिए बस फिर तो सुनने वाला भी मग्न और निदंक भी रसलीन लगता है।
5. पड़ोसी की पत्नी इसलिए क्रोधित थी क्योंकि उस पड़ोसी ने अपनी सास की निंदा दूसरे लोगों से की थी जो कि उसकी पत्नी के कानों तक भी पहुँच गई। और अपनी माँ की बुराई पति द्वारा किए जाने पर उस पर गुस्सा सवार हो गया।
6. लेखक को निदांरस सर्वश्रेष्ठ लगता है क्योंकि अगर मनुष्य को जीवन में समय से खाना-पीना न मिले तो चलता है लेकिन अगर दूसरो की निंदा या चुगली सुनने को मिल जाए तो लगता है जीवन सफल हो गया। निंदा सुनने में एक अलग ही आनंद है।

**भाषा-ज्ञान**

**क. निम्नलिखित शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं, इन्हें शुद्ध कीजिए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सन्ख्या | संख्या | मांयताएँ | मान्यताएँ | साहीत्य | साहित्य |
| चतूर | चतुर | पुरुस्कार | पुरस्कार | नहिं | नहीं |
| मगन | मग्न | बहु | बहू | | |

**ख. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें :**

**रंगे हाथों पकड़ना** - (सबके सामने पकड़े जाना) कक्षा में आज पेन चुराते हुए मोहन को रंगें हाथो पकड़ लिया गया।

**पिंड छुड़ाना**- (पीछा छुड़ाना) सेठ ने गरीब मजदूर को मजदूरी में 100 रु देकर अपना पिंड छुडा लिया।

**दीवारों के भी कान होना**- (खबरे इधर से उधर पहुँच जाना) जरा धीरे बोलो क्यांकि दीवारों के भी कान होते है।

**दिल दुखाना** - (कष्ट देना) सोहन ने अपशब्द बोलकर राम का दिल दुखा दिया।

**ग. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आनंद | दुख | प्रशंसा | निंदा | निर्मल | गंदा |
| चतुर | मूर्ख | प्रारंभ | अंत | विश्वास | अविश्वास |

**घ. उदाहरण देखिए, समझिए और लिखिए :**

1. यह मनोरंजन का सरल साधन नहीं है।
2. भाईजान रंगे हाथों नहीं पकड़े गए।
3. उन्होंने श्रीमती जी के सामने प्रतिज्ञा नही की।